आकाशवाणी चंडीगढ़

23 सितम्बर 2024, समय 1810

समाचार

- सर्वोच्च न्यायालय ने कहा है कि बच्चों से संबंधित अश्लील वीडियो देखना पॉक्सो अधिनियम का उल्लंघन है।
- हरियाणा में चुनाव प्रचार शिखर पर पहुंचा, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने टोहाना और जगाधरी में कांग्रेस पार्टी पर अनुसूचित जाति विरोधी होने का आरोप लगाया।
- पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने किसान आंदोलन का मुद्दा उठाया और अंबाला की रैली में आरोप लगाया कि प्रदेश में कोई भी वर्ग सुरक्षित महसूस नहीं कर रहा।
- हरियाणा के पूर्व उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला ने कहा कि कांग्रेस ने अपने 10 साल के शासन में किसानों की जमीन हड़पने का काम किया।
- बी.जे.पी के राज्यसभा सांसद रामचन्द्र जांगड़ा ने कांग्रेस पार्टी पर भ्रामक प्रचार करने का आरोप लगाया।

*******************************************************

सर्वोच्च न्यायालय ने कहा है कि बच्चों से संबंधित अश्लील वीडियो देखना पॉक्सो अधिनियम का उल्लंघन है।शीर्ष अदालत ने देशभर की सभी अदालतों से कहा है कि वे किसी भी न्यायिक आदेश या फैसले में चाइल्ड पोर्नोग्राफी शब्द का प्रयोग न करें। सर्वोच्च न्यायालय ने आज

मद्रास उच्च न्यायालय के एक फैसले को रद्द करते हुए दिए यह निर्देश दिए। मद्रास उच्च न्यायालय के फैसले में कहा गया था कि बच्चों से जुड़ीं अश्लील वीडियो देखना पॉक्सो अधिनियम के दायरे में नहीं आएगा।न्यायमूर्ति जे.बी. पारदीवाला के फैसले में सुझाव दिया गया है कि चाइल्ड पोर्नोग्राफ़ी के स्थान पर न्यायालय बाल यौन शोषण और दुर्व्यवहार सामग्री शब्द का प्रयोग करें। सर्वोच्च न्यायालय ने यह भी कहा कि संसद को वैकल्पिक शब्द पर गंभीरता से विचार करना चाहिए और इस बीच, केंद्र सरकार पॉक्सो अधिनियम में संशोधन के लिए अध्यादेश ला सकती है।

*****************************************************

हरियाणा में चुनाव प्रचार शिखर पर है। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने आज फतेहाबाद के टोहाना और जगाधरी विधानसभा क्षेत्र में जनसभाओं को संबोधित किया ।श्री अमित शाह ने टोहाना में चुनावी जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि हरियाणा में कांग्रेस की रैलियों में पाकिस्तान जिंदाबाद के नारे लगना चिंताजनक है ।

श्री अमित शाह ने राहुल गांधी पर सिख समुदाय का अपमान करने का आरोप लगाते हुए कहा कि उन्हें पगड़ी पहनकर गुरुद्वारे में जा कर माफी माँगनी चाहिए। बी जे पी नेता ने काँग्रेस पार्टी पर अनुसूचित जाति का विरोधी होने का आरोप भी लगाया। श्री अमित शाह ने कहा-

उन्होंने कहा कि हरियाणा में जब कांग्रेस की सरकार थी तो किसानों की जमीनों को छीना गया। उन्होंने कांग्रेस प्रत्याशियों द्वारा हाल ही में

नौकरी की गारंटी पर दिए बयानों पर कटाक्ष करते हुए कहा कि कांग्रेस के घोषणा पत्र में वादा किया है कि 2 लाख नौकरियां देंगे, लेकिन वह बताएं कि  क्या ये नौकरियां पर्ची खर्ची से दी जाएंगी। क्योंकि कांग्रेस के कै नेता तो प्रचार में यही कह रहे हैं।जगाधरी में जनसभा को संबोधित करते हुए श्री अमित शाह ने एक बार फिर कांग्रेस पर तीखे हमले किए और मिर्चपुर काण्ड व गोहाना की याद दिलाते हुए कहा कि नायब सिंह सैनी अनुसूचित जाति समाज के रक्षक बने है और बी.जे.पी सरकारों ने उनके हितों की रक्षा की है।

*******************************************************

केंद्रीय राज्य मंत्री कृष्णपाल गुर्जर ने आज पलवल विधानसभा क्षेत्र के गांव बडौली में बी जी पी प्रत्याशी गौरव गौतम के पक्ष में प्रचार किया और लोगों से गौरव गौतम को वोट देने की अपील की। उन्होंने दावा किया कि पलवल की तीनों विधानसभा क्षेत्र में बी जे पी जीत दर्ज करेगी। और प्रदेश में तीसरी बार सरकार बनाएगी । श्री गुर्जर ने कहा कि लोकसभा चुनाव में देश की जनता ने कांग्रेस पार्टी को नकार दिया है ।उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस के वरिष्ठ नेता देश के खिलाफ गलत बयानबाजी कर रहे है, खालिस्तान समर्थकों की भाषा बोल रहे हैं ।उन्होंने कहा कि बी जी पी संकल्प पत्र में किए गए सभी वादे पूरे करेगी । उन्होंने दावा किया कि जहां जहां कांग्रेस की सरकार बनी है,वहां पर कोई गारंटी पूरी नहीं की गई है। हिमाचल प्रदेश की बहनें दो साल बाद पंद्रह सौ रुपए का इंतजार कर रही है। कांग्रेस पार्टी ने हिमाचल प्रदेश में पेट्रोल और डीजल पर वैट बढ़ाकर महंगाई बढ़ाने का काम किया है। जबकि बी जे पी शासित प्रदेशों में डीजल व पेट्रोल पर वैट घटाकर सस्ती दरों पर पेट्रोल व डीजल दिया जा रहा है।

*****************************************************

पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा और कांग्रेस के प्रदेशाध्यक्ष उदयभान ने आज अंबाला शहर में कांग्रेस की रैली को संबोधित किया।रैली में शैलजा समर्थित उम्मीदवार अंबाला छावनी से परविंद्र परी और नारायणगढ़ से कांग्रेस प्रत्याशी शैली चौधरी ने भाग नहीं लिया।श्री हूडा ने अपने सम्बोधन में केंद्र और प्रदेश सरकार को निशाने पर लिया। उन्होंने दावा किया कि 2014 से पहले कांग्रेस सरकार में हरियाणा प्रति व्यक्ति आय, निवेश, खेल व खिलाड़ी के मामले में अव्वल था। मगर 2014 के बाद प्रदेश अपराध और नशे की गिरफ्त में आ गया है। उन्होंने कहा कि आज प्रदेश का कोई भी वर्ग सुरक्षित महसूस नहीं कर रहा, अनुसूचित जाति के लोगों पर भी अपराधों में बढ़ोतरी हो रही है। उन्होंने किसान आंदोलन का मुद्दा भी उठाया और कांग्रेस प्रत्याशियों के लिए वोट मांगे। श्री हूडा ने कहा कि हरियाणा में कांग्रेस की सरकार बनने के बाद सबसे पहले अंबाला में बंद शंभू बॉर्डर को खोल जाएगा। रैली को अंबाला सांसद वरुण मुलाना ने भी संबोधित किया।

*****************************************************

राई से कांग्रेस के दो बार विधायक रहे और भूपेंद्र सिंह हुड्डा के नजदीकी माने जाने वाले कांग्रेस नेता जयतीर्थ दहिया ने कांग्रेस की सदस्यता से इस्तीफा दे दिया है। उन्होंने अपना इस्तीफा पार्टी प्रदेशाध्यक्ष उदयभान को भेजा है। श्री जयतीर्थ दहिया ने श्री भूपेंद्र सिंह हूडा पर विश्वासघात और टिकट बटवारे में सौदेबैजी के आरोप लगाए हैं।

*****************************************************

हरियाणा के पूर्व उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला ने कहा है कि हरियाणा में कांग्रेस ने अपने 10 साल के शासन में भेदभाव और किसानों की जमीन हड़पने का काम किया और अब भी कांग्रेसी नेताओं के बयान उसी सोच को उजागर कर रहे हैं। वह दादरी में जे जे पी-ए एस पी उम्मीदवार राजदीप फोगाट के लिए चुनाव प्रचार कर रहे थे श्री चौटाला ने कहा कि चुनाव प्रचार के दौरान कांग्रेस सांसद दीपेंद्र हुड्डा के एक रिश्तेदार सिर्फ रोहतक-झज्जर की सरकार बनाने की बात कर रहे है, कांग्रेस उम्मीदवार शमशेर सिंह गोगी का बयान कांग्रेस की मानसिकता को दर्शाता हैं।श्री दुष्यंत चौटाला ने कहा कि हरियाणा विधानसभा चुनाव में त्रिकोणीय मुकाबला देखने को मिल रहा है और इसमें हरियाणा की जनता जे जे पी-ए एस पी गठबंधन के साथ है। उन्होंने कहा कि सरकार की हिस्सेदारी के दौरान जे जे पी ने हर क्षेत्र और हर वर्ग के लिए बिना भेदभाव के विकास कार्य करके दिखाए और जनता जे जे पी के जनहितैषी कार्यों पर अपनी मुहर लगाएगी।उन्होंने कहा कि जनता हरियाणा में बदलाव और तरक्की के लिए युवा नेतृत्व की सरकार चाहती है।

*****************************************************

भारतीय जनता पार्टी के राज्यसभा सदस्य रामचंद्र जांगड़ा ने कांग्रेस पार्टी पर भ्रामक प्रचार करने का आरोप लगाया है। उन्होंने सीधे राहुल गांधी को निशाने पर लिया। रोहतक में पत्रकारों से बातचीत करते हुए उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी के नेता विदेशों में जाकर भारत के बारे में भ्रामक प्रचार कर लोगों को गुमराह करने की कोशिश कर रहे हैं।श्री जांगड़ा ने प्रदेश सरकार की नीतियों की भी जमकर सराहना की। उन्होंने

कहा कि मुख्यमंत्री नायब सैनी के नेतृत्व में सरकार ने ऐतिहासिक फैसले किए हैं। उन्होंने तीसरी बार प्रदेश में सरकार बनने का दावा किया। रामचंद्र जांगड़ा ने कांग्रेस सांसद कुमारी सैलजा के प्रति जातिसूचक शब्द इस्तेमाल किए जाने की भी निंदा की।

*******************************************************

केंद्र सरकार थोक बाजार में प्याज की कीमतों को कम करने के लिए अतिरिक्त प्याज बाजार में ला रही है। नई दिल्ली में संवाददाता सम्मेलन में उपभोक्ता मामले विभाग की सचिव निधि खरे ने कहा कि बफर स्टॉक में प्याज की पर्याप्त मात्रा है और खरीफ मौसम में प्याज की बुआई अच्छी हुई है। श्रीमती खरे ने विश्वास व्यक्त किया कि प्याज की कीमतें जल्द ही कम होंगी। उन्होंने कहा कि सरकार खुदरा बाजार में 35 रुपये प्रति किलोग्राम की रियायती दर पर प्याज उपलब्ध करा रही है और इस सप्ताह से राज्यों में रियायती दरों पर प्याज की बिक्री शुरू हो जाएगी।

---------------